प्रेषक,

शशांक गुप्ता
न्यायिक मैजिस्ट्रेट
जालौन स्थान उरई।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय,
जालौन स्थान उरई।

विषय- सम्पत्ति का विवरण नियुक्ति के समय का भेजे जाने के संबंध में।

माननीय महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के C.L Number-63-IV-b 16-Admin (A) दिनांकित 10.12.1998 तथा C.L Number-16-IV-h 16-Admin(A) के अनुपालन में अपनी चल-अचल सम्पत्ति का विवरण प्रेषित किया जाना था, किन्तु प्रार्थी द्वारा अपरिहार्य कार्यों एवं व्यक्तिगत समस्याओं के फलस्वरूप नियुक्ति के समय वह उसके उपरान्त चल-अचल सम्पत्ति का विवरण समय से माननीय उच्च न्यायालय प्रेषित नहीं किया जा सका, जिसके लिए प्रार्थी क्षमा प्रार्थी है। प्रार्थी भविष्य में निर्धारित समय अवधि के अंदर अपनी चल-अचल सम्पत्ति का विवरण निरन्तर रूप से माननीय उच्च न्यायालय प्रेषित करता रहेगा।

अतः माननीय न्यायालय से ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा चल-अचल सम्पत्ति का विवरण भेजे जाने में हुये विलम्ब को क्षमा करने की कृपा करें।

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न चल-अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय न्यायालय की सेवा में ससम्मान सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित है।

”सादर“।

दिनांक 30.04.2023

भवदीय

(शशांक गुप्ता)
न्यायिक मैजिस्ट्रेट
जालौन स्थान उरई।
आई 0 डी0-यू0 पी0 02481